# कार्यालय जिला पंचायत, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

Phone No. 07755264177 Email- drda.mungeli@gmail.com

**क्रमांक / 3878 / मनरेगा/ जि.पं./ 2015-16 मुंगेली, दिनांक 19 -10.2015**

## आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 31/10/2015

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जनपद स्तर पर अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार एक वर्ष की संविदा पर (एक मुश्त वेतन) नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सहित वांछित आर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 31/10/2015 ............ को सायं 5:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव आदि प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है :-

| क्र | पद का नाम | पदो की संख्या | आरक्षण का प्रवर्ग | एक मुश्त संविदा वेतन | न्यूनत शैक्षणिक आर्हता | चयन हेतु मेरिट अंक | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम अधिकारी | 01 | अनुसूचित जाति | 18080/- | प्रथम श्रेणी में एम.बी.ए./बी.ई./गणित अथवा भौतिक विषय में स्नातकोत्तर | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | | | शासकीय ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :- | |
| | | | | | | न्यूनतम 01 से 02 वर्ष तक अनुभव | 5 |
| | | | | | | 05 वर्ष तक अनुभव | 10 |
| | | | | | | 05 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**आयुसीमा संबंधी शर्तें :-**

1 दिनांक 01.10.2015 को 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो परन्तु 35 वर्ष की आयु से अधिक न हो।

2 छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर उच्चतम आयु सीमा में दी गई छूट यथावत लागू होगी।

**नियम एवं शर्तें :-**

1 छ.ग. शासन के नियमानुसार महिला, भूतपूर्वसैनिक, के लिए रिक्त पदो में समस्तर आरक्षण दिया जायेगा।

2 संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जायेगी।

3 नियुक्ति की अवधि :- संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी तथा सेवा समाप्त करने के लिए पृथक से आदेश जारी नही किया जावेगा।

4 नियुक्ति के दौरान दोनो पक्षो में से किस पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में 01 माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जावेगी।

5 दिनांक 01.10.2015 को 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो परन्तु 35 वर्ष की आयु से अधिक न हो। अजा/अजजा/अपिव के एवं महिला को तथा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी।

6 संविदा नियुक्ति कर्मचारी का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जाएगा ताकि यदि आगामी वर्ष हेतु पुनः संविदा नियुक्ति दी जानी हो तो इसके आधार पर कार्य का मूल्यांकन हो सके।

7 अभ्यर्थी को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।

8 अजा/अजजा/अपिव के जाति की पुष्टि में आवेदक को प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

9 आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है (सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)।

10 शासकीय ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव केवल छ.ग. राज्य में किए गए कार्य अनुभव ही मान्य किये जावेंगें।

11 **चयन प्रक्रिया :–** विज्ञापित प्रत्येक पद के लिए आवेदक का चयन पद के समक्ष दर्शाए अनुसार निर्धारित अंक विवरण के आधार पर तैयार की गई मैरिट सूची के अनुसार आरक्षण के नियमों को ध्यान में रखते हुए किया जावेगा। कम्प्यूटर की कौशल परीक्षा ली जावेगी।

12 आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो चिपकाना अनिवार्य है।

13 अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रूटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा एवं इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

14 आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेख संलग्न कर अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं सत्यापित करना अनिवार्य होगा।

15 लिफाफे के ऊपर पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है तथा जाति वर्ग महिला/पुरूष/विकलांग/ भू.पू.सै. का स्पष्ट उल्लेख किया जावें। अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से लिखे आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा 05–05 रू. का डाक टिकट चिपका हुआ 02 लिफाफा भी संलग्न करें।

16 आवेदक का आवेदन पत्र दिनांक 31/10/2015 **को सायं 5:00 बजे** तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुंगेली में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित अवधि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जावेगें तथा ऐसे आवेदन अमान्य समझे जाएगें। कार्यालय में सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जावेंगें।

17 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य शासकीय योजनाओं में नियुक्त ऐसे व्यक्ति जिन्हे पूर्व में कदाचरण के कारण पद से पृथक किया गया है अथवा सेवा समाप्त किया गया है ऐसे व्यक्ति पुनः आवेदन करने/नियुक्ति के लिये पात्र नही होंगें।

18 चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है, तो कि गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

19 विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन प्रारूप जिला पंचायत मुंगेली के सूचना पटल पर एवं **www.cg,nic.in/mungeli** एवं **www.cg.gov.in** पर देखी जा सकती है।

20 नियुक्ति के सबंध में अंतिम निर्णय का अधिकार चयन समिति को होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग.)

**पृ.क /3579/ मनरेगा/ जि.पं./ 2015–16** **मुंगेली, दिनांक 19. .10.2015**

प्रतिलिपि :–

1 आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा विभागाध्यक्ष कार्यालय इन्द्रावती भवन नया रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2 कलेक्टर महोदय जिला मुंगेली को सूचनार्थ।

3 सहायक संचालक, सूचना प्रकाशन एवं जनसंपर्क जिला मुंगेली को सूचनार्थ।

4 जिला रोजगार अधिकारी जिला मुंगेली को विज्ञापन की एक प्रति सूचना बोर्ड में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

5 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगेली/लोरमी/पथरिया को सूचना बोर्ड में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

6 **प्रभारी, एन.आई.सी.** जिला मुंगेली को उपरोक्त विज्ञापन वेबसाईट cg.nic.in/mungeli एवं cg.gov.in में Upload किए जाने हेतु सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग.)

स्वयं अभ्यर्थी द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो

1. आवेदित पद का नाम :- ____________________
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :- ____________________
   (अंग्रेजी में) :- ____________________
3. पिता / पति का नाम :- ____________________
4. अ.जन्मतिथि अंको में :- ____________________
   ब.शब्दो में :- ____________________
5. दिनांक 01-10-2015 को आयु :- वर्ष ---------- माह -------- दिन --------
6. लिंग–पुरूष / महिला :- ____________________
7. पत्र व्यवहार का वर्तमान पूर्ण पता :- ____________________

   स्थाई पता :- ____________________

8. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (सत्यापित प्रति संलग्न करें) :- ____________________
9. क्या आवेदक छ.ग.राज्य का मूल निवासी है ? (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति संलग्न करें ) :- ____________________
10. निवासी ग्राम / ग्राम पंचायत का नाम :- ____________________
11. क्या आवेदक छ.ग.शासन द्वारा छ0ग0 राज्य के लिए घोषित अनु.जाति / अनुजनजाति अन्य पि.व.का सदस्य है ? हॉं / नहीं (यदि हां तो सक्ष अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें । :- ____________________
12. क्या आवेदक विकलांग है ? हॉं / नही यदि हां तो विकलांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें । :- ____________________
13. विकलांगता का प्रकार एवं प्रतिशत :- ____________________
15 क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां / नही:- यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें । ____________________

16. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता :– ____________________

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि.का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

17. अनुभव का विवरण :– सुसंगत नियुक्ति पत्र अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

:– विभाग का नाम ____________________

पद का नाम ____________________

अनुभव अवधि ____________________

18. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्वशासकीय संस्थान में सेवारत है ? हॉ / नहीं (यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ।

19. क्या आवेदक / आवेदिका के विरूद्व कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने / न्यायालय में अनुसंधान / विचारण हेतु लंबित है ,अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है ? हॉ ,तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।

20. <u>संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–</u>

1____________________2____________________

3____________________4____________________

5____________________6____________________

आवेदक का हस्ताक्षर

(आवेदक का नाम व पूरा पता )

## घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और पूर्ण विश्वास के साथ सत्य है और यदि उक्त जानकारी अथवा प्रमाण–पत्र / अभिलेख असत्य / कुटरचित पायी जाती है, तो मेरी उम्मीद्वारी / नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्व वैद्यानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

दिनांक :–
स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर

(आवेदक का नाम व पूरा पता )